दिनांक : 04.06.2024 समय : 02.10 pm

आकाशवाणी भोपाल से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

किस्त वितरण–मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत प्रथम क़िस्त का वितरण कल किया जाएगा। मुख्यमंत्री टीकमगढ़ से प्रदेश भर के हितग्राहियों को प्रथम क़िस्त अंतरित करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव लाड़ली बहना योजना एवं उज्जवला योजना के तहत गैस रिफिल अनुदान भी वितरित करेंगे। वहीँ, बैतूल जिले में केंद्रीय राज्य मंत्री डीडी उईके हितग्राहियों की उपस्थिति में इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

....

प्रधानमंत्री–क्रिकेट टीम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अपने निवास पर टी–20 विश्वकप विजेता क्रिकेट टीम से मुलाकात की । प्रधानमंत्री मोदी के साथ मुलाकात के बाद, भारतीय टीम एक बस विजय परेड के लिए मुंबई के लिए उड़ान भरेगी। कप्तान रोहित शर्मा ने प्रशंसकों से जश्न में शामिल होने की अपील की है। इस बीच, केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए टीम का स्वागत करते हुए कहा कि पूरा देश बारबाडोस की धरती पर तिरंगा फहराने वालों का स्वागत करने के लिए उत्सुक है।

....

भोजशाला

धार जिला मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक भोजशाला में हाईकोर्ट के निर्देश पर एएसआई सर्वे का पूरा हो चुका है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) विभाग की टीम ने यहां लगातार 98 दिन काम किया और अब इसकी रिपोर्ट तैयार करने में जुटी है। यह रिपोर्ट दो जुलाई को कोर्ट में पेश करनी थी, लेकिन एएसआई की ओर से कोर्ट में चार सप्ताह का अतिरिक्त समय रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए मांगा गया है। मामले की सुनवाई आज होना है। इधर, जैन समाज की एक संस्था के पदाधिकारी की ओर से दाखिल याचिका पर भी सुनवाई की जाएगी। इसमें उन्होंने भोजशाला के जैन समाज का स्थल होने का दावा किया है।

....

विवेकानंद पुण्यतिथि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज स्वामी विवेकानन्द की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि स्वामी विवेकानन्द की शिक्षाएँ लाखों लोगों को शक्ति प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का विस्तृत ज्ञान और इसकी निरंतर खोज बहुत प्रेरक है। प्रधानमंत्री ने स्वामी विवेकानन्द के समृद्ध और प्रगतिशील समाज का सपना पूरा करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति और अध्यात्म की दिव्य ज्योत, महान आध्यात्मिक गुरु, युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद जी की पुण्यतिथि पर पूरा देश उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दे रहा है।

....

मौसम

प्रदेश में मानसून की बौछारें पड़ने का सिलसिला जारी है। आंधी–बारिश के दो सिस्टम एक्टिव होने से पूरा प्रदेश भीग रहा है। आज भी ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान है। आज भोपाल, शिवपुरी सहित 14 जिलों में तेज बारिश की संभावना है। वहीं, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन–जबलपुर समेत प्रदेश के अन्य जिलों में आंधी, गरज–चमक और हल्की बारिश का दौर जारी रहेगा। मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा ने बताया कि 15 जुलाई तक प्रदेश के सभी क्षेत्रों में अच्छी वर्षा होने की उम्मीद है। वहीं,आज भोपाल, शिवपुरी शाजापुर, रायसेन के भीमबेटका, हरदा, बैतूल, नर्मदापुरम के पचमढ़ी, नरसिंहपुर, दमोह, सागर, श्योपुर, मुरैना, ग्वालियर, दतिया, टीकमगढ़, निवाड़ी, छतरपुर के खजुराहो और कटनी में आकाशीय बिजली गिरने या चमकने के साथ बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। इससे पहले कल भोपाल में तेज बारिश का दौर जारी रहा। धार, ग्वालियर, नर्मदापुरम, इंदौर, पचमढ़ी, रतलाम, शिवपुरी, उज्जैन, मंडला, नरसिंहपुर, रीवा, सागर, सतना और बालाघाट जिले के मलाजखंड में भी बारिश हुई। रात में शिवपुरी, शाजापुर, रायसेन, हरदा, बैतूल, दमोह, सागर, श्योपुरकलां, मुरैना, ग्वालियर, दतिया, टीकमगढ़, निवाड़ी, छतरपुर, कटनी समेत कई जिलों में मौसम बदला रहा।

....

अमरनाथ यात्रा–जम्मू

अमरनाथ यात्रियों का एक और जत्था आज सुबह जम्मू के भगवती नगर स्थित यात्री निवास शिविर से कडी सुरक्षा के बीच 219 वाहनों के काफिले में कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुआ। इस जत्थे में पांच हजार छह सौ 96 यात्री शामिल हैं। घाटी में बनाए गए दो शिविरों से अमरनाथ यात्रा कश्मीर हिमालय में पवित्र गुफा की ओर बढ़ेंगे।

....

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार का ओरछा आगमन पर सांसद प्रतिनिधि राजेश पटेरिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक सिंह तोमर, निवाड़ी मंडल अध्यक्ष दिनेश दुबे ने भव्यता से स्वागत किया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि भूपेंद्र अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष नंदकिशोर और बढ़ीं संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे
- सतना कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में बताया कि सतना जिले में राज्य शासन द्वारा इस वर्ष राजस्व प्राप्तियों का लक्ष्य 15 से बढ़ाकर 26 करोड रुपए निर्धारित किया है। पिछले वर्ष निर्धारित लक्ष्य 15 करोड़ के विरुद्ध 13 करोड़ की राजस्व की प्राप्तियां हुई थी।
- आगरमालवा ज़िले में कल लिंग संवेदीकरण तथा लैंगिक समानता संबंधी चिंताओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और अन्य लिंगों और स्वयं के प्रति लोगों के दृष्टिकोण और व्यवहार को बदलने की प्रक्रिया पर प्रशिक्षु पटवारियों की कार्यशाला आयोजित की गयी
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बैतूल जिले के सभी दसों विकासखंडों में १ से ७ जुलाई तक बीमा सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान किसान कल्याण एवं कृषि विभाग ने लगभग ४० हजार डिफाल्टर किसानों फसल बीमा करवाने का लक्ष्य दिया है।
- शिवपुरी जिला प्रशासन ने निजी स्कूलों की मनमानी रोकने और उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए एक कमेटी बनाई है। इस कमेटी में अभिभावक और बच्चे सीधे तौर पर पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

....